एक नजर में

तीसरे हॉकी संघ का गठन

वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह तोमर रज्जू जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष

इटारसी शुक्रवार को मध्यप्रदेश हॉकी संघ से संबद्ध नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ की एक बैठक आयोजित की गई ,जिसमें वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह तोमर (रज्जू) को सर्वसम्मति से संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद पर शाजिद मलिक, और कोषाध्यक्ष पद पर अल्बर्ट खान को नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी गजेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अश्वनी वर्मा (नर्मदापुरम) इदरीश खान (इटारसी), अश्विन सरोज (सोहागपुर) और आलम अल्बर्ट (इटारसी) को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अजीत राजपूत (नर्मदापुरम) को सह सचिव एवं राकेश पंडित (इटारसी) को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला प्रवक्ता का दायित्व पत्रकार सुधांशु मिश्रा को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों हॉकी संघ का कार्यकाल समाप्त होने पर सर्व सम्मति से पूर्व अध्यक्ष प्रशांत जैन के कार्यकाल की समिति को भंग कर दिया गया था और संघ की गतिविधियों को संचालित करने के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में पूर्व सचिव कन्हैया गुरयानी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। शुक्रवार की बैठक नए चुनाव के संबंध में आहूत की गई थी।

नर्मदापुरम जिला हॉकी संघ की नई कार्यकारणी इस प्रकार है –

अध्यक्ष – राजेन्द्र सिंह तोमर
सचिव – शाजिद मलिक
कोषाध्यक्ष – सरबजीत सिंहसैनी
उपाध्यक्ष – अश्विनी वर्मा, इदरीश खान, अश्विनी सरोज, अजय अल्बर्ट
सह सचिव – अजित राजपूत,
सह–कोषाध्यक्ष – राजेश पंडित
प्रवक्ता – सुधांशु मिश्रा

फसल बीमा योजना की जानकारी दी हुआ पाठशाला का आयोजन

पिपरिया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानो को जानकारी देते हुए अन्य फसलो के बारे में भी बताया व टोल फ्री नंबर से अवगत कराया।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य की उपस्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एसबीआई जनरल एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी के द्वारा खरीफ सीजन 2025 का शुभारंभ केक कटिंग एवं पाठशाला के साथ किया गया. उपस्थित विभागीय अधिकारियों व प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक ऐसी योजना है जिसके तहत किसानो को खरीफ की फसल के लिये 2 प्रतिशत रवि और तिलहन फसलो के लिये डेढ प्रतिशत और व्यवसायिक 5 प्रतिशत की अधितम सालाना प्रीमियम राशि देनी होती है.

स्मार्ट बाजार लगाएगा उपभोक्ताओं की वाट

स्मार्ट में नमक 109 रुपये का, सिटी सुपरमार्केट पर 92 रूपये, छोटे व्यापारी भी दे रहे हैं निर्धारित मूल्य से कम कीमत पर

नवभारत न्यूज

इटारसी, 04 जुलाई स्मार्ट सुपर बाजार की जितनी पब्लिकसिटी हुई थी कि आम उपभोक्ताओं को स्मार्ट बाजार आने से सस्ता सामान और अच्छा सामान मिलेगा लेकिन उदघाटन के साथ ही आम उपभोक्ताओ को लूटने में कोई कसर नहीं की जा रही. हमारे पास अनेक उपभोक्ताओं ने बिलों की प्रति उपलब्ध करायी है जिसमें से बाकी सामान में लूट दिखी रही है लेकिन नमक में ही 109 रूपये चार्ज कर स्मार्ट बाजार लूट रहा है जबकि उसके कवर पर 21 रूपये की छूट देकर 99 रूपये की एमआरपी डली है लेकिन बिल में वही नमक 109 रूपये दिया जा रहा है. जिसकी शिकायत की गई जिसकी शिकायत कस्टमर आईडी नं. 5988022 है ऐसे ही अनेक उपभोक्ताओं ने इस सुपरबाजार के कई वस्तुओं की दरों का मूल्यांकन स्थानीय बाजार की दुकानों से प्राप्त हो रही वस्तुओं से तुलना की तो उसमें यह स्मार्ट बाजार काफी महंगा साबित हो रहा है. वहीं न्यास कालोनी के स्मार्ट सुपरबाजार में भी लोगों का भरोसा आज भी कायम है क्योंकि जिस नमक की कीमत स्मार्ट बाजार में 109 रूपये वसूल रही है वहीं यह सिटी सुपर बाजार 92 रूपये में उपलब्ध करा रहा हैं

एक आम उपभोक्ता रोहित ने बताया कि स्मार्ट बाजार के आने से छोटे उपभोक्ताओं का नुकसान के साथ आम ग्राहकों को भी अभी से लूटना शुरू कर दिया है . इससे तो ऐसा लगने लगा है कि जो हमारे पूर्वज कहते थे कि अंग्रेज लोग देश में व्यापार करने के नाम से आये थे और देश पर हुकूमत करने लगे, जिसमें हमारे लाखों सपूतों ने उनसे लोहा लेकर देश को आजाद कराने में वर्षों लग गये

चयन कॉलोनी के सूने मकान से ढाई लाख रुपए एवं जेवर चोरी



नवभारत न्यूज

इटारसी, 04 जुलाई चयन कॉलोनी में एक सूने मकान से अज्ञात चोर घुस गया। परिवार का कहना है कि चोर ने ढाई लाख रुपए नगदी और पुराने इस्तेमाल के जेवर उड़ा लिये। पुलिस का कहना है कि बच्चों ने बताया कि बैग छोड़ गया और कुछ चोरी नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिता का कहना है कि उनका बेटा वैष्णोदेवी दर्शन करने गया है, तो उसके कमरे में हुई चोरी का अभी पता नहीं चल सका है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला का कहना है कि चोर बैग वहीं छोड़कर गया है, सीसीटीवी फुटेज में अपने साथ कुछ ले जाता भी नहीं दिखा है। चयन कॉलोनी निवासी श्याम शंकर तिवारी के यहां चोरों ने 3 जुलाई को रात 8 से 9 बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में एक चोर दिखाई दिया है। तिवारी के अनुसार बैंक से ढाई लाख रुपए निकाले थे, जो चोर ले गये और पुराने जेवर थे। बेटे मनोहर तिवारी के कमरे से क्या गया है, वह उनके आने के बाद ही पता चल सकेगा, वे वैष्णोदेवी दर्शन करने गये हैं। घर सूना था, श्यामशंकर तिवारी और उनकी बहू पुरानी इटारसी स्थित दुकान पर थे, जबकि बच्चे कोचिंग गये थे।

पुलिस का कहना

टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा कि वे जब गये थे तो उनको यह बताया कि बैग मिल गया है और कुछ भी नहीं ले गया। जब बेटे से फोन पर बात हुई तो उन्होंने कहा कि 60–70 हजार रुपए ले गया है पिता को ज्यादा समझ नहीं आता है, इसलिए वे बता नहीं पा रहे हैं। आज जब मीडिया ने बात की तो वे ढाई लाख बताने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास सीसीटीवी फुटेज है, जिसमें वह उतर रहा है, उसके पास कुछ भी नहीं है।

बस चालक के साथ मारपीट

पिपरिया पचमढी रोड पर एक बस चालक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियो को पुलिस ने पकडा। स्टेशन रोड पुलिस ने बताया कि इंदौर से सिवनी चलने वाली बस क्रमांक एमपी 09 पीए 7299 के चालक ठाकुर राम पिता मोहनलाल सनोडिया निवासी लामटा जिला सिवनी के साथ मोंटी पिता बंटी ठाकुर,शुभम पिता बंटी ठाकुर व एक अन्य द्वारा बस नही रोकने पर मारपीट कर बस के कांच तोडे । ठाकुर राम की शिकायत पर पुलिस द्वारा अपराध कायम कर आरोपी मोंटी व शुभम को गिरफ्तार किया।

आज प्री मानसून मेंटनेंस के चलते 3 घंटे बिजली गुल

इटारसी। कल 5 जुलाई को पीपल मोहल्ला उपकेन्द्र से संचालित 11 केवी टाउन फीडर पर प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण दोपहर में तीन घंटे विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इस दौरान शहर के कुछ क्षेत्रों को बिजली नहीं मिलेगी। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार 11 केवी टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 02. से 05 बजे तक प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी। इस दौरान बंगाली कालोनी का कुछ क्षेत्र, पीपल मोहल्ला, मार्केट एरिया, स्टेशन के सामने वाला एरिया, पत्ती बाजार आदि क्षेत्र में बिजली नहीं मिलेगी।

बालाजी मंदिर एरिया के जर्जर मकान को तोड़ा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 04 जुलाई नगर पालिका के दल ने आज बालाजी मंदिर एरिया में एक जर्जर मकान को जेसीबी मशीन से ढहा दिया, चार अन्य ऐसे मकान के मालिकों को स्वयं ढहाने के लिए मांगने पर वक्त दिया गया है। बता दें कि नपा इन लोगों को पूर्व में अपने मकान गिराने का नोटिस दे चुकी थी। जब नोटिस की समयावधि पूरी हुई तो आज नगर पालिका के दल ने पहुंचकर बाजाजी मंदिर चौराह पर मुन्नालाल चौहान का मकान गिराया है। इसी क्षेत्र में अभिषेक को चौबीस घंटे का वक्त दिया है, जो स्वयं इसे गिराएंगे। इसी तरह से अनिल कुमार शुक्ला मालवीयगंज के मकान में किरायदार निवासरत है, भवन मालिक को स्वयं तोडने निर्देशित किया है। इसी दौरान मनजीत सिंह अमरीक सिंह ने स्वयं तोडने के लिए कहा, जिसे तोडने को कहा गया। मांगीलाल जैन ने सात दिनों के भीतर मकान की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। दी गई मियाद में यदि ये लोग मकान को नहीं गिराते या मरम्मत नहीं कराते हैं तो नगर पालिका स्वयं इन मकानों को गिराने की कार्रवाई करेगी।



सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 04 जुलाई नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत जल जनित एवं वैक्टर जनित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम/बचाव हेतु निकाय स्तर पर निरंतर संचालित समग्र स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर आधारित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नपा के सतीश यादव ने बताया कि स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी एवं स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी इस कार्य की मानीटरिंग कर रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के समस्त जीव्हीपी का चिन्हांकन, सफाई एवं सौंदर्गीकरण किया आदि कार्य हैं। इसके साथ ही समस्त सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं रखरखाव हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण और सैंपल की जांच उपरांत आपूर्ति। अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करना।

बिना फिटनेस संचालित एक स्कूल बस जप्त

हरदा/खिरकिया, कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी श्री राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को खिरकिया में स्कूलों बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस को जप्त कर कार्यालय में खड़ा किया गया तथा अन्य वाहनों पर उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही की गई .

मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध कुल 9 प्रकरण दर्ज

हरदा कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी श्री रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला, ग्राम झुण्डगांव, आदि में दबिश दी। दबिश के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 27 पाव देशी शराब, 11 पाव अंग्रेजी शराब आदि जप्त की.

डीआरएम ने किया पवारखेड़ा रेल खंड का निरीक्षण

नवभारत

इटारसी, 04 जुलाई भोपाल रेल मंडल के प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में रेलवे की टीम ने आज नर्मदापुरम से पवारखेड़ा–इटारसी रेल खंड का सघन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य रेलवे संरक्षा, संरचना और परिचालन मानकों की गहन समीक्षा करना था।

श्री त्रिपाठी ने नर्मदापुरम स्टेशन की संरक्षा व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। टावर वैगन से नर्मदापुरम से पवारखेड़ा–जुझारपुर–पवार खेड़ा खंड में अप एवं डाउन फ्लाईओवर लाइनों की स्थिति, संरचना की मजबूती, मिट्टी कटाव को रोकने एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। मंडल रेल प्रबंधक पवारखेड़ा होते हुए इटारसी स्टेशन पहुंचे, जहां स्टेशन की परिचालन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऋ लॉबी में लोको पायलट से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और संरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (टीआरडी) अमित पटेल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सामान्य) संजय मानोरिया, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) प्रथम नितिन वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि संरक्षा, रखरखाव और परिचालन की सभी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाया जाए ताकि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

संरक्षा, रखरखाव और परिचालन की सभी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाया जाए ताकि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

अंजुमन स्कूल में वृक्षारोपण किया गया

नवभारत न्यूज

इटारसी, 04 जुलाई आज दिनांक 4 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे अंजुमन हाल में अंजुमन कमेटी एवं शहर के अवाम की एक मीटिंग रखी गई। उक्त मीटिंग में अंजुमन स्कूल को लेकर इस संबंध में अपने विचार रखें स्कूल में क्या–क्या सुधार होना है एवं छात्र–छात्राओं को क्या–क्या सुविधा मुहैया कराना है इस पर कई लोगों को के सुझाव आया की अंजुमन स्कूल में एक पुस्तकालय प्रारंभ किया जाए इस अवसर पर अंजुमन स्कूल में वृक्षारोपण भी किया गया उक्त कार्यक्रम में कमेटी के सदर मोहम्मद अयूब खान नायक सदर जफर सिद्दीकी सचिव रईस कुरैशी कोषाध्यक्ष मोहम्मद रफीक खान अब्दुल रशीद कुरेशी महबूब खान शेख जावेद इन सभी के अतिरिक्त शहर के जामा मस्जिद के सदर शकील अहमद जमील खान सफीक खान याकूब खान साजिद मलिक शेख सलाम आसिफ खान मोहम्मद कैफ इदरीश खान शाहिद खान आदि अनेक लोग सम्मिलित रहे हुए।

अचानक गांधी स्टेडियम में स्थित हॉकी संघ के कार्यालय पर नपा ने डाला ताला..

खिलाड़ी नपा की इस हरकत से हैरान? बताया अपनी संपत्ति.? शुक्रवार को अचानक नपा ने गांधी स्टेडियम में स्थित हॉकी संघ के कार्यालय पर नपा ने ताला जड़ दिया और बोर्ड लगा दिया है कि यह संपत्ति नगर पालिका के अधिपत्य में है..!इससे हॉकी खिलाड़ी हैरान हैं...उनका कहना है कि यह तो हम भी जानते हैं कि संपति नपा की है.. अचानक ऐसा क्यों....वैसे जिला हॉकी संघ का समान कार्यालय में ही बंद है।

विद्यार्थी राष्ट्र के पुनरूत्थान के लिये पढ़ाई करें–सारंग

नवभारत न्यूज

हरदा, 04 जुलाई सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरूत्थान के लिये अध्ययन करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक विकास कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आज प्रदेश के 94234 बच्चों के खाते में लगभग 235 करोड़ रूपये की राशि लेपटॉप के लिये जमा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लेपटॉप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह हमारी बेहतर शिक्षा और व्यवस्था का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। मंत्री श्री सारंग शुक्रवार को हरदा जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय लेपटॉप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिये प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने हरदा जिले के लेपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

तलाकशुदा पति ने किया पत्नी से दुष्कर्म

सिवनीमालवा विधानसभा के शिवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक ग्राम की महिला ने अपने ही तलाकशुदा पति पर झूठा वादा कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने शिवपुर थाने पहुँच रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह दिनांक 17 मई 2011 को रामविलास साहू के साथ हुआ था। दोनों के दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 12 वर्ष और 10 वर्ष है। वर्ष 2023 तक उसका वैवाहिक जीवन सामान्य रहा, लेकिन 2024 की शुरुआत से ही पति छोटी–छोटी बातों पर विवाद करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता अपने छोटे बेटे के साथ मायके आ गई।

इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया

पिपरिया साडिया में इको क्लब द्वारा पौधा रोपण किया गया। साडिया इको क्लब द्वारा आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में प्राचार्य विनय मोहन शर्मा ने कहा कि फलदार वृक्ष जहां अनेक पक्षियो को आवास प्रदान करते है। वही वायु शुद्ध कर पोषण देने वाले फल प्रदान करते है। पर्यावरण को बचाते है। एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत हायर सैकेंडरी स्कूल साडिया में दो दर्जन से अधिक नींबू,कटहल,आवंला के पौधो का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर गमलो में फूलदार पौधे भी लगाये गये।विद्यालय से स्थानांतरित हो रहे विष्णु प्रसाद सोनी के विदाई अवसर यादगार बनाने स्टाफ के साथ ही सोनी ने भी पौधे लगाये। इस अवसर पर यह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का अवसर है.

प्रवेश उत्सव के बाद से ही प्रा .शा .चांगडीघड़ाई में लटका ताला

नवभारत न्यूज

सिवनीमालवा, 04 जुलाई 2025, सिवनी मालवा तहसील के ग्राम पंचायत सामरधा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चांगडीघड़ाई की शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव के बाद से ही ताला लटका हुआ है। स्कूल बंद होने से गांव के नन्हें बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 दिनों से स्कूल का ताला नहीं खुला है स्कूल में पदस्थ शिक्षक की अनुपस्थिति के कारण यह स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया था। लेकिन ग्राम चांगडीघड़ाई की प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव के बाद से ही ताला लगा हुआ है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप्प पड़ी है। स्कूल में पढ़ने वाले छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन तैयार होकर स्कूल आते है पर स्कूल बंद होने के चलते वापस अपने घर लौट आते है। ग्रामीण शुधराम ने बताया की सिर्फ एक दिन स्कूल खुला था उसके बाद से ही स्कूल बंद है। स्कूल में बच्चों को बांटने के लिए आई पुस्तकें भी हमारे ही घर पर रखी हुई हैं। स्कूल बंद रहने से बच्चों को पढ़ाई से वंचित होना पड़ रहा है। अनेक अभिभावकों ने बताया कि अपने बच्चों का नाम स्कूल में लिखवाया, लेकिन जब से स्कूल में ताला लगा है, बच्चे घरों में ही हैं। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से स्कूल को जल्द शुरू कराने की मांग की है। शासकीय प्राथमिक शाला कामठा, शासकीय प्राथमिक शाला लही तथा शासकीय प्राथमिक शाला मोरघाट में 10 बजे स्कूल खुलने का समय है लेकिन 12 बजे तक कोई भी शिक्षक नहीं पहुँचे। स्कूलों में छात्र छात्राएं समय से आकर शिक्षक के आने का इन्तजार कर रहे थे।

इनका कहना है।

इस सम्बंध में तहसीलदार एसएस रघुवंशी ने बताया की मै बीईओ को पूरे मामले में जांच के लिए निर्देशित करता हूँ की आखिर क्यूँ 15 दिन से स्कूल में ताला लगा है। वही जिन स्कूलों में शिक्षक नहीं पाए गए है उन पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जायेंगे।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिये तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ

पिपरिया शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिये तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय से अवगत कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन अर्चन एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया गया।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ .राजीव माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिये शुभकामनाऐ दी एवं उन्हे संबोधित करते हुए नैतिक मूल्य एवं अनुशासन के विषय में प्रेरित किया इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपना अपना परिचय दिया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ .एसके मेहरा,प्रवेश प्रभारी डॉ .एसके बघेल ने भी विद्यार्थियो को महाविद्यालय कक्षा में नियमित उपस्थिति गणवेश,पुस्तकालय,स्पोर्ट आदि की जानकारी सांझा की। डॉ .एलएन मालवीय ने एनसीसी की ,प्रो .किटी मौर्य ने एनएसएस की,डॉ .एके राकेसिया ने पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति,विनय चौधरी ने सभी छात्रवृति एवं प्रोत्साहन राशि की, डॉ .अनिता सेन ने रेडक्रास आदि के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी.

मेडिकल दुकान पर मारपीट हुई

पिपरिया पचमढी रोड की एक मेडिकल संचालक ने पुलिस को बताया कि माखन रघुवंशी,सौरभ रघुवंशी, शेखर रघुवंशी,पीयूष रघुवंशी द्वारा वेस्ट मेटेरियल जलाने की बात को लेकर दुकान में घुसकर मारपीट की.

।। जाहिर सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अबू हम्मजा खान आ0 इमरान खॉन निवासी ग्राम मटकुली तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम म0प्र0 के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा मेन्हदी खेडा तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम म0प्र0 स्थित है। उक्त कृषि भूमि का खसरा नंबर 52, 50/2 रकबा 12.87 एकड जिसकी चौहददी पूर्व में ख0न0– 51/4, पश्चिम में – नाला उत्तर में फारेस्ट की भूमि... एवं दक्षिण में ख0न0 93. स्थित है को विक्रय करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, किसी निगम, संस्थान को उक्त भूमि के विक्रय अनुबंध के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिख पते पर मय दस्तावेज के साथ मुझसे संपर्क करे अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त विक्रय अनुबंध के अनुसार संपत्ति विक्रय करने हेतु स्वंतत्र है। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
शिवकुमार पचौरी (अधिवक्ता)
कार्या0 पचमढी रोड तहसील चौराहा के
पास पटेल मार्केट पिपरिया मो0 9425644698

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी

इश्तहार / प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क्र0 0028 अ–20(3)वर्ष 2025–26
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति शांति रैकवार पत्नि स्व0 ललित किशोर रैकवार निवासी पुरानी गरीबी लाईन इटारसी तह0 इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म0प्र0भू0रा0 संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं0 17 प्लाट नं0 145 रकबा 645 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख मे ललित किशोर रैकवार आ0 भुरेलाल रैकवार के नाम दर्ज चला आ रहा है। भूमि स्वामी ललित किशोर रैकवार आप भूरेलाल रैकवार का निधन दिनांक 20/03/2025 को हो गया है, उनके विधिक उत्तराधिकारीयों में उनकी पत्नि श्रीमति शांति रैकवार मात्र है। अत: आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित संपति पर फाँती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदिका के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 14/07/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।
नोट–– नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी, इटारसी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व इटारसी जिला नर्मदापुरम

कमांक 3575अविअ / रीडर– 1/2025 .
इटारसी दिनांक 13/6/2025
राजस्व प्र क्र –0052/अ– 6 (अ)/2024–25

विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बबीता पुत्री राजाराम निवासी जयमालापुरा तहसील खिरकिया जिला हरदा के द्वारा आवेदन पत्र अनुसार विधिवत जाँच कराकर जाँच प्रतिवेदन धारा 115 के अंतर्गत पाँच वर्ष से अधिक अवधि की त्रुटि होने से अभिलेख दुरुस्ती किए जाने की अनुमति हेतु अपर कलेक्टर महोदय नर्मदापुरम को प्रेषित किया गया था। आवेदिका का नाम संयुक्त रूप से सहखातेदार के रूप में मौजा ग्राम पथरोटा स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 207/11 रकबा 0.014 हे0 याने 1500 वर्गफुट भूमि के राजस्व अभिलेखों को त्रुटि सुधार की अनुमति शर्तो के अधीन विधिमान्य की गई है। जिसमें बिन्दु क्रमांक स क्षेत्र में पढ़े जाने वाले दैनिक समाचार पत्रों में संशोधन परिवर्तन घोषणा का इश्तहार प्रकाशन कराए जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र धारा 115 के अंतर्गत राजस्व अभिलेखो में हुई त्रुटियों का सुधार कराना चाहती है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/07/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी । यह विज्ञप्ति आज दिनांक 13/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

टी .प्रतीक राव (I.A.S.)
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व इटारसी